CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 48 ▫ रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## भारतमाला परियोजना घोटाला को लेकर महंत ने सीबीआई जांच की मांग रखी, बोले- नहीं तो जाएंगे हाईकोर्ट

### मुख्यमंत्री साय बोले- आपकी सरकार ने तो सीबीआई पर लगाया था प्रतिबंध




**रायपुर,** 12 मार्च (हाईवे चैनल)। भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला की जांच की मांग को लेकर आज सदन में तीखी नोंकझोंक हुई। इस मामले की सदन में सीबीआई से जांच कराने की मांग उठी। विधानसभा में आज नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने इस पूरे मामले को उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि 300 करोड़ से ज्यादा का नुकसान भारत सरकार को हुआ है। इस मामले की जांच हुई, तो कई बड़ी गड़बड़ियां उजागर हो सकती है, इसलिए इस मामले की सीबीआई से जांच करानी चाहिये।

मंत्री टंकराम वर्मा ने सवाल के जवाब में स्वीकार किया कि भारतमाला परियोजना में मुआवजा वितरण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई है। मंत्री ने बताया कि मुआवजा घोटाला में एक नहीं कई तरह की गड़बड़ियां हुई है। भू अधिग्रहण के बाद रकबे के टुकड़े किये गये हैं, जमीन का मुआवजा मालिक के बजाय किसी अन्य को दे दिया गया, ट्रस्ट की जमीन का मुआवजा ट्रस्ट को ना देकर किसी व्यक्ति को दे दिया गया। मंत्री ने कहा कि अभी भी शिकायतें आ ही रही है, सभी की जांच की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष की तरफ से सीबीआई जांच की मांग के जवाब में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि संभागीय आयुक्त से पूरे मामले की जांच करायी जायेगी और किसी भी दोषियों को नहीं बख्शा जायेगा। नेता प्रतिपक्ष बार-बार इस मामले में मुख्यमंत्री से सीबीआई जांच की घोषणा की मांग कर रहे थे। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व मंत्री ने सवाल का बहुत ही अच्छे से जवाब दिया है और कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में तो छत्तीसगढ़ में सीबीआई की इंट्री ही बैन कर दी थी। सीबीआई जांच की मांग अस्वीकार किये जाने पर विपक्ष इस मामले में विधायक दल से जांच कराने की मांग उठी। हालांकि सदन में राजस्व मंत्री ने कहा कि इस मामले में जांच के लिए संभागीय आयुक्त ही सक्षम हैं। आयुक्त की अध्यक्षता में एक टीम बनाकर पूरे मामले की विस्तृत जांच की जायेगी। मुख्यमंत्री और मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने वाकआउट किया। हालांकि वाकआउट से पहले नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वो मंत्री के जवाब से पूरी तरह से असंतुष्ट हैं, वो चाहते थे कि इसकी जांच की घोषणा सदन में हो, लेकिन उन्हें जवाब नहीं मिला, जिसकी वजह से उन्हें मजबूरी में हाईकोर्ट जाना पड़ेगा। जिस पर सत्ता पक्ष की तरफ से कहा गया, आप जा सकते हैं..कौन रोक सकता है आपको।

## अनुज शर्मा ने अवैध वसूली का मामला सदन में उठाया

**वसूली का आरोप गलत, टैक्स वसूली के लिए टेरर क्रिएट करना उद्देश्य नहीं : चौधरी**

ई-वे बिल जांच के नाम पर वसूली का मामला भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने ध्यानाकर्षण के जरिए सदन में उठाया. अनुज शर्मा ने कहा कि ई-वे बिल के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि जांच के नाम पर अवैध वसूली की कोई शिकायत नहीं मिली है. भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने ई-वे बिल के नाम पर गाड़ियों को रोका जाता है, लेकिन लेन देन कर छोड़ दिया जाता है. व्यवसाइयों को बेवजह परेशान किया जा रहा है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि जांच के नाम पर अवैध वसूली की कोई शिकायत नहीं मिली है. एप के जरिए वाहनों की जांच की जाती है. बिल नहीं पाये जाने पर विभाग के अधिकारियों को वीडियो अपलोड कर व्हाट्स एप पर सूचना दी जाती है. 31 करोड़ को शास्ति वसूल की गई. मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा चुनिंदा अधिकारियों की एक ही जगह पर ड्यूटी नहीं लगाई गई है. पूरे प्रदेश में ई वे बिल जांच के लिए 15 टीमों का गठन किया गया है. 63 अधिकारी ई-वे बिल की जांच कर रहे हैं. कर अपवंचन करने वाले लोगों के खिलाफ ही कार्रवाई की जाती है. कर अपवंचन रोकने विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है. कारोबारियों से अवैध वसूली नहीं की जाती है. अनुज शर्मा ने कहा कि बिना ई-वे बिल के समान भेजने वाले कारोबारियों के ख़िलाफ़ क्या कार्रवाई की जाती है? मंत्री ने बताया कि कोई भी कारोबारी एप के जरिए दो मिनट के भीतर ई-वे बिल जारी कर सकता है. किसी भी टोल पर ऐसी गाड़ी आसानी से स्कैन हो जाती है. भारत सरकार का सॉफ्टवेयर बीफा है, जिसके जरिए आसानी से ट्रैकिंग की जा सकती है. ई-वे बिल जारी करने की लिमिट पचास हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया है. भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने पूछा कि ई-वे बिल जारी कर कारोबार करने वाले कितने कारोबारियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की गई? इस पर मंत्री चौधरी ने कहा कि टैक्स वसूली के लिए टेरर क्रिएट करना उद्देश्य नहीं होता है. सॉफ्टवेयर में फ्लैश होने पर कार्रवाई की जाती है. जो ट्रांसपोर्ट करता है, प्रारंभिक जिम्मेदारी उसकी होती है. हमने करीब सौ के आसपास सीमित संख्या में रेड की कार्रवाई की है.

## पुलिस चेकिंग के दौरान इनोवा कार से करीब साढ़े 4 करोड़ रुपए कैश बरामद



**रायपुर,** 12 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ पुलिस को चेकिंग के दौरान नोटों से भारी एक गाड़ी मिली है। पुलिस चेकिंग के दौरान एक इनोवा कार में करीब साढ़े 4 करोड़ रुपए कैश बरामद हुआ है। पूरा मामला राजधानी रायपुर के आमानाका चेक पॉइंट का है। जानकारी के मुताबिक कार में कुल तीन लोग सवार थे। भारत नंबर की है इनोवा कार चेकिंग पॉइंट पर रोकी गई थी। संदिग्ध गतिविधियों को देखकर पुलिस ने कार की चेकिंग की तो कार के अंदर एक चैंबर बना मिला, जिसमें करीब साढ़े चार करोड रुपए कैश रखे गए थे। पुलिस ने कैश बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कैश के बारे में कोई सही जानकारी नहीं दी, जिसके बाद पुलिस ने इस पूरे मामले को इनकम टैक्स में दे दिया है। अब इनकम टैक्स के अधिकारी इस पूरे मामले की जांच करेंगे। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों ने प्राथमिक पूछताछ में बताया कि उन लोगों को कैश के बारे में कुछ पता नहीं है। उनको सिर्फ नागपुर के पास गाड़ी बदलने के लिए कहा गया था। इस कैश के मामले में पुलिस को शंका है कि यह रकम हवाला या सट्टे की हो सकती है। इस मामले में सीएसपी आईपीएस अमन झा ने इस कैश की पुष्टि की है। इस मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, यह कार नकदी लेकर मुंबई जा रही थी। यह मामला अमानाका थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने इस संबंध में और जांच शुरू कर दी है। इस घटना ने पुलिस और प्रशासन को सतर्क कर दिया है। नकदी के स्रोत और उसके इस्तेमाल को लेकर विस्तृत जांच की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने प्रिलिम्स का रिजल्ट किया जारी, 3737 अभ्यर्थियों ने मेंस के लिए किया क्वालीफाई

**रायपुर,** 12 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने प्रीलिम्स 2024 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, आबकारी सब इंस्पेक्टर समेत 17 सेवाओं के 246 पदों पर भर्ती की जाएगी। परीक्षा 9 फरवरी 2025 को दो पालियों में आयोजित हुई थी। जारी परिणाम के अनुसार, कुल 3737 अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा (मेंस) के लिए क्वालीफाई किया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट psc.cg.gov.in पर क्लिक कर देख सकते हैं। बता दें कि इस भर्ती प्रक्रिया में 246 पदों में से सर्वाधिक 90 पद आबकारी सब इंस्पेक्टर के हैं। वहीं, डिप्टी कलेक्टर के 7 और डीएसपी के 21 पद शामिल हैं। पिछले साल डीएसपी का कोई पद नहीं था, लेकिन इस बार आयोग ने 21 पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली है।

## केलो प्रोजेक्ट में गड़बड़ी पर जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने किया बहिर्गमन

**भूपेश बघेल ने की सदन की समिति की जांच कराने की मांग,**

विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केलो प्रोजेक्ट में जमीनों की अफरा-तफरी का आरोप लगाया. विपक्षी सदस्यों ने सदन की समिति से मामले की जांच कराने की मांग को लेकर हंगामा मचाया. इस पर मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने प्रश्नकाल के दौरान केलो प्रोजेक्ट में भू-अर्जन का मुद्दा उठाते हुए पूर्णता को लेकर सवाल पूछा. मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि परियोजना 80त्न पूरी हो चुकी है. प्रोजेक्ट में 23 प्रकरण लंबित होने के अलग-अलग कारण हैं. इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रोजेक्ट में जमीनों की अफरा-तफरी का आरोप लगाते हुए सदन की समिति से मामले की जांच कराने की बात कही. मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि विभागीय रुप से जांच कराई जाएगी. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि सदन की समिति से जांच होनी चाहिए. इस पर विपक्ष ने हंगामा मचाते हुए नारेबाजी की. इसके साथ मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

## ब्रेकिंग न्यूज

### तेलंगाना में दो महिला पत्रकार गिरफ्तार, केटीआर का राहुल गांधी पर वार, पूछा- क्या यही है आपकी मोहब्बत की दुकान

नई दिल्ली, 12 मार्च (न्यूज चैनल)। वरिष्ठ पत्रकार रेवती और उनकी सहकर्मी तन्वी यादव को बुधवार को हैदराबाद में उनके आवास से पुलिस ने कथित तौर पर गिरफ्तार कर लिया। दोनों को सुबह करीब 5 बजे हिरासत में लिया गया, क्योंकि उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस शासन में अपनी कठिनाइयों के बारे में बात करने वाले एक किसान का वीडियो पोस्ट किया था। तड़के महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी से आक्रोश फैल गया, और बीआरएस नेताओं ने रेवंत रेड्डी सरकार की सत्तावादी रणनीति की निंदा की। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक केटी रामा राव (केटीआर) ने ट्वीट कर राहुल गांधी पर निशाना साधा। केटीआर ने एक्स पर लिखा- क्या यही आपकी 'मोहब्बत की दुकान' है राहुल गांधी जी? सुबह-सुबह दो महिला पत्रकारों को गिरफ़्तार करना!! उनका अपराध क्या है? अक्षम और भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के खिलाफ़ जनता की राय को आवाज़ देना। पिछली बार जब मैंने देखा था, तो पाया था कि भारत का संविधान, जिसे आप नियमित रूप से पढ़ते हैं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। वरिष्ठ बीआरएस नेता टी हरीश राव ने सवाल उठाया कि क्या तेलंगाना में लोकतंत्र है या तानाशाही। उन्होंने कहा कि यह सरकार असहज सवालों का जवाब गिरफ़्तारियों से देती है।




चूहा- सुनती हो, आतिशी बार-बार सीएम रेखा गुप्ता को बोल रही हैं पीएम का वादा एक जुमला है।
चुहिया- हां जी, होली का समय है, अब रंग चढ़ रहा है..!

## सहायक आयुक्त के घर आज फिर से पहुंची एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम, जांच जारी

**सहायक आयुक्त और डीएफओ के बंगले में पहुंची थी टीम**

**बीजापुर,** 12 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक बार फिर एसीबी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई देखने को मिली है. भ्रष्टाचार के मामले में घिरे सहायक आयुक्त आनंद सिंह के घर पर आज सुबह से एसीबी की टीम जांच कर रही है.

बता दें कि बीते रविवार को भी एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने सहायक आयुक्त आनंद सिंह के घर दबिश दी थी, लेकिन उनकी अनुपस्थिति के कारण मकान को सील कर दिया गया था. जिसके बाद आज फिर से टीम ने उनके घर पहुंचकर तलाशी शुरू कर दी है. रविवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू ) की संयुक्त टीम ने बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा में बड़े पैमाने पर छापेमारी की थी. इस दौरान सहायक आयुक्त के जगदलपुर के धरमपुरा स्थित मकान के साथ-साथ उनके दो रिश्तेदारों के बैलाबाजार और धरमपुरा स्थित अन्य मकानों पर भी दबिश दी गई थी. इसके अलावा एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने सुकमा के डीएफओ (वन मंडल अधिकारी) समेत कई कारोबारियों के ठिकानों पर भी छापा मारा था. इस कार्रवाई के लिए रायपुर से विशेष टीम बस्तर संभाग पहुंची थी.

## आतिशी की तंज- भाजपा का 2500 रुपये का वादा साबित हुआ जुमला



**नई दिल्ली,** 12 मार्च (न्यूज चैनल)। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि वे दिल्ली की महिलाओं से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं, जिसमें 2,500 रुपये की सहायता और मुफ्त एलपीजी सिलेंडर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की जनता से कई वादे किए थे। 2500 रुपये का वादा %जुमला% साबित हुआ। दिल्ली की महिलाओं को होली के दौरान मुफ्त सिलेंडर मिलने थे। आतिशी ने आगे कहा कि होली में अब सिर्फ 2 दिन बचे हैं और दिल्ली की महिलाएं मुफ्त सिलेंडर का इंतजार कर रही हैं। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में महिलाएं खाली सिलेंडर लेकर भाजपा और उनके झूठे वादों के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने पार्टी घोषणापत्र में, भाजपा ने महिला समृद्धि योजना के तहत दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता देने का वादा किया था। पार्टी ने ऐसे परिवारों की महिलाओं को 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराकर कम आय वाले परिवारों की मदद करने का भी वादा किया।

## यमुना में अब ले सकेंगे क्रूज की सवारी का आनंद केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**नई दिल्ली,** 12 मार्च (न्यूज चैनल)। दिल्लीवासी जल्द ही नाव की सवारी का आनंद ले सकेंगे। दिल्ली सरकार और केंद्र ने सोनिया विहार और जगतपुर के बीच यमुना के 4 किलोमीटर लंबे हिस्से में जल पर्यटन विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। असिता पार्क में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि आने वाले दिनों में इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा ताकि दिल्ली की सड़कों पर भीड़भाड़ कम हो और निवासियों को बेहतर यात्रा विकल्प मिल सकें। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल नदी, सड़क और मेट्रो परिवहन प्रणालियों को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और यमुना कॉरिडोर के आगे के विकास के लिए एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल की भी खोज की जाएगी।

उन्होंने यमुना की सफाई में हुई पिछली देरी को स्वीकार करते हुए कहा कि पहले इसे नाले की तरह माना जाता था। सक्सेना ने आश्वासन दिया कि नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से प्रगति में तेज़ी आई है और कहा कि सौर ऊर्जा अपनाने और टिकाऊ परिवहन समाधानों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। सरकार ने सार्वजनिक परिवहन में सुधार, यातायात की भीड़ को कम करने और स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देने की योजनाओं की भी घोषणा की।

## पाकिस्तान में ट्रेन में बंधक बनाए गए 155 यात्रियों को बचाया गया, मारे गए 27 आतंकवादी



**नई दिल्ली,** 12 मार्च (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक यात्री ट्रेन के अपहरण के बाद आतंकवादियों ने सैकड़ों लोगों को बंधक बना रखा है, सुरक्षा बल वर्तमान में बंधकों को बचाने के लिए बचाव अभियान चला रहे हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), एक अलगाववादी आतंकवादी समूह ने मंगलवार को क्वेटा से पेशावर जाते समय जाफ़र एक्सप्रेस को अपहरण करने की जिम्मेदारी ली है। बुधवार सुबह तक, कम से कम 155 यात्रियों को बचा लिया गया है, जबकि चल रहे अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने 27 आतंकवादियों को मार गिराया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जब तक सभी यात्रियों को ट्रेन से नहीं निकाल लिया जाता, तब तक सफाई अभियान जारी रहेगा। बताया जाता है कि बंधक बनाए गए कुछ यात्रियों को पहाड़ों में ले जाया गया है, और सुरक्षा बल अंधेरे में उनका पीछा कर रहे हैं। बलूचिस्तान प्रांत की आजादी की मांग करने वाले बीएलए ने घोषणा की है कि उसके कब्जे में वर्तमान में 214 लोग बंधक हैं और उसने कम से कम 30 सुरक्षाकर्मियों की हत्या की है, इन आंकड़ों की पुष्टि पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा अभी नहीं की गई है। मंगलवार को आतंकवादियों ने जाफर एक्सप्रेस पर गोलीबारी की, जिसमें नौ बोगियों में 425 यात्री सवार थे, जब यह गुडलार और पीरू कुनरी के पहाड़ी इलाकों के पास मश्कफ सुरंग से गुजर रही थी। पाकिस्तानी मीडिया ने उस सुरंग के पास भीषण गोलीबारी और विस्फोट की खबर दी है, जहां आतंकवादियों ने ट्रेन पर हमला किया। रिंद ने कहा कि पेशावर जाने वाली यात्री ट्रेन पर ''भीषण'' गोलीबारी की खबरों के बीच बचाव दल को मौके पर भेजा गया है। इस बीच, पाकिस्तान रेलवे ने क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आपातकालीन डेस्क स्थापित किया है क्योंकि चिंतित रिश्तेदार अपने प्रियजनों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पहुंच रहे हैं। पिछले वर्ष अक्टूबर में पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने से अधिक समय के निलंबन के बाद क्वेटा और पेशावर के बीच रेल सेवाएं बहाल करने की घोषणा की थी।

## रायपुर रेलवे स्टेशन पर रूह कंपा देने वाला हादसा युवक का शरीर दो टुकड़ों में बंटा




**रायपुर,** 12 मार्च (हाईवे चैनल)। रायपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां एक युवक चलती ट्रेन के सामने गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. ट्रेन गुजरते ही युवक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया, जिससे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई. बताया जा रहा है कि युवक अचानक पटरी पर जा गिरा और तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गया. हादसे के बाद रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस (जीआरपी) और आरपीएफ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. फिलहाल, मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह दुर्घटना थी या आत्महत्या.